हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 10 मई 2025



04 परिवार के साथ भविष्य अंधकारमय बताकर...



07 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद से पृथक, समूह का...






## खबर संक्षेप

### रमेश मिश्रा का निधन अंतिम संस्कार आज



**सागर।** इतवारी व रामपुरा वार्ड की पूर्व पार्षद किरण मिश्रा के पति एवं भूमि विकास बैंक के रिटायर्ड ब्रांच मैनेजर रमेश मिश्रा 78 का शुक्रवार दोपहर निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार सुबह 9 बजे इतवारी वार्ड स्थित निवास से निकलेगी व नरयावली नाका मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे दो पुत्र शरद संजू मिश्रा और सुनील पप्पू मिश्रा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

### नेशनल लोक अदालत आज

**सागर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में निम्नदाव श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी।

### नगर निगम कार्यालय में आयोजित होगी जनसुनवाई

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर नगरीय क्षेत्र के आवेदकों / हितग्राहियों की जनसुनवाई नगर निगम कार्यालय से आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अधिकतर आवेदक नगर निगम सागर क्षेत्र से अपनी समस्या लेकर कार्यालय कलेक्टर में उपस्थित होते हैं। आवेदक / हितग्राहियों को सुविधा को दृष्टि में रखते हुए आगामी सप्ताह से नगरीय/शहरी क्षेत्र की जनसुनवाई नगर निगम सागर कार्यालय से आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री को इस संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया है।

### एमपीटास पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई

**सागर।** शासन के निर्देशानुसार पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए 31 मई तक एमपीटास पोर्टल खोला गया है। इसके लिए सभी पात्र विद्यार्थी 31 मई तक आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे संस्था में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कराएं, ताकि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

---

कलेक्टर ने की बिंदुवार उपार्जन की समीक्षा

## लापरवाह उपार्जन समितियां व स्व सहायता समूह को ब्लैक लिस्ट करें: कलेक्टर संदीप जी आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




किसानों का उपार्जन का भुगतान शीघ्रता से करें, साथ ही लापरवाह उपार्जन समितियां एवं स्व सहायता समूह को ब्लैक लिस्ट करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने उपार्जन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए दिए। इस अवसर पर सिटी मजिस्टेट जूही गर्ग, ज्योति बघेल, राजेश त्रिपाठी सहित अन्य उपार्जन समिति के सदस्य मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी आर ने उपार्जन समिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन करने वाले किसानों का भुगतान तत्काल स्वीकृत करें एवं उपार्जन किए गए गेहूं का परिवहन भी तत्काल करें। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार मसूर, चना का उपार्जन क्वालिटी, गुणवत्तायुक्त ही किया जावे, गुणवत्ता में कमी होने पर खरीदी न करें। उन्होंने कहा कि जिन लापरवाह उपार्जन समितियां एवं स्व सहायता समूह जिन्होनें गेहूं उपार्जन में लापरवाही की है उनको तत्काल ब्लैक लिस्ट करें जिससे कि वह आगे उपार्जन का कार्य न कर सके। कलेक्टर ने कहा कि इसी प्रकार राशन लेने वाले हितकारी की ई-केवाईसी तत्काल कराएं जिससे कि उनको एक जून से राशन उपलब्ध हो सके। बगैर ई-केवाईसी वालों को 1 जून से राशन उपलब्ध नहीं होगा। ई-केवाईसी की अंतिम तारीख 31 मई है। उन्होंने कहा कि राशन प्राप्त करने वाले हितग्राही पीओएस मशीन के अंतर्गत ई केवाईसी के विकल्प के रूप में मेरा ई केवाईसी एप के माध्यम से स्वयं ही ई-केवाईसी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस हितग्राही की मृत्यु हो गई है या जिनकी दो बार नाम आ रहे हैं उनको विलोपित किए जाएं।

कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि सागर जिले में 1882979 सदस्य है जिनमें से 1490280 लोगों की ई-केवाईसी की जा चुकी है। अभी भी 392699 लोग बाकी हैं जिनकी ई-केवाईसी की जाना है। उन्होंने निर्देश दिए है कि ई-केवाईसी शिविर लगाए जिससे कि सभी की ई-केवाईसी समय-सीमा में की जा सके।

## कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई, फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने पर दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर इलेक्ट्रानिक उपकरणों का प्रयोग कर दस्तावेजों की कूटरचना कर फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण तैयार करने पर रहली के बरखेरा बगरोन निवासी देवेन्द्र पिता संतोष सिंह ठाकुर पर एफआईआर दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि, न्यायालय नायब तहसील छिरारी से प्राप्त प्रतिवेदन एवं दस्तावेजों के अवलोकन में स्पष्ट हुआ कि अनावेदक देवेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा यूट्यूब से सीखकर जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया। उसकी स्वीकारोक्ति के आधार पर थाना रहली में बीएनएस की धारा 336(3), 337, 340(2) के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

बता दें कि यशवंत गौड ग्राम पंचायत देवलपानी, जनपद पंचायत रहली की जन्मतिथि प्रमाणपत्र में माध्यमिक शाला में अंकित तिथि एवं जिला अस्पताल सागर द्वारा जारी प्रमाण पत्र में अंकित तिथि में भिन्नता के संबंध में जांच की गई। इस संबंध में दिलीप साहु सहायक सांख्यिकी अधिकारी जिला योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग जिला सागर को आदेशित किया गया था। साहु द्वारा संदर्भित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर संबंधित के विरुद्ध पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु अभिमत दिया गया। जिसके परिप्रेक्ष्य में अनुविभागीय अधिकारी रहली द्वारा निर्देशित किया गया कि संबंधितों पर थाना रहली में एफआईआर दर्ज कराते हुए पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

## मोहन अग्रवाल राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र सिंह ने प्रदेशाध्यक्ष की अनुशंसा पर मोहन अग्रवाल को म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ का सागर संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया। उनके साथ ही संभागीय ईकाई मे सागर से हेमलता सेंगर एवं स्वल्पना नायक को उपाध्यक्ष बनाया है। मोहन अग्रवाल के संभागीय अध्यक्ष बनने पर राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री राकेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अवधेश उपाध्याय, सचिव राजकुमार कपूर, मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष जगदीश जारोलिया, मंत्री दीपक मिश्रा, राजशेखर सेन, अशोक तिवारी वीर सिंह ठाकुर, देव तिवारी, अजय गर्ग, संजय कोरी, विकास उपाध्याय, आशुतोष पाराशर, दीपक दीक्षित, भारती खरे, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, हरगोविंद मिश्रा, दिनेश कन्नौजिया, पंकज सिंह राजपूत, प्रेम नारायण अहिरवार पेंशनर्स महासंघ के दिलशाद खान, अध्यक्ष प्रदीप सिंह, गणेशराम कोरी शिक्षक संघ के राकेश गुप्ता, चंद्रभान सिंह राजपूत अजाक्स के जिलाध्यक्ष चंदभान रोहित, राजू अहिरवार, गोटीराम अहिरवार शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शशिभूषण तिवारी, जिलाध्यक्ष संजय बिल्थरे राजीव शुक्ला समग्र शिक्षक संघ के विनीत चौहान, बसंत तिवारी स्वास्थ्य विभाग के डॉ आशीष शास्त्री, विनोद नामदेव, नवीन गुरु ने बधाई दी।

### विधायक शैलेंद्र जैन ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**सागर।** काकागंज श्मशान घाट में नेशनल क्लीनियर प्रोग्राम योजना के तहत 40 लाख रुपए की लागत से श्मशान घाट में सौंदर्यीकरण व निर्माण कार्य किया जाना है, विधायक ने ठेकेदार के साथ निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण किया, और ठेकेदार को तीव्र गति से गुणवत्ता युक्त कार्य करने के निर्देश दिए। विधायक जैन ने बताया कि श्मशान घाट में पेवर्स ब्लॉक, पाथ वे निर्माण कराया जाना है इसके अलावा पौधारोपण कर घास लगाई जाएगी जिससे यहा की सुंदरता बढ़ेगी और शेड के चारों ओर रेलिंग लगाई जाएगी। इसके अलावा श्मशान घाट के मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए एक टेंडर और किया है जिसमें दोनों शेडो की मरम्मत, उनकी हाइट बढ़ाकर गर्मी को कम करने का प्रयास किया जाएगा।

## राष्ट्र प्रथम है, हम सब राष्ट्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं: कुलपति गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में राष्ट्र प्रथम के तहत विश्व विद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के नेतृत्व में आज राष्ट्र और भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा रैली आयोजित की गई। रैली की शुरुआत विश्वविद्यालय के नवीन प्रशासनिक भवन से की गई। रैली उपरांत विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। रैली में विश्वविद्यालय परिवार के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर वन्दे मातरम्, जय हिन्द, भारत माता की जय के नारे लगाए।

रैली उपरान्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के लोग अपने राष्ट्र के सम्मान के प्रति पहले से ही सचेत हैं। पिछले दिनों राष्ट्र को चोट पहुंचाने वाली शक्तियों को भारतीय सेना के जवानों ने अपनी अद्भुत क्षमता और साहस का परिचय देते हुए उन्हें करारा जवाब दिया है। सेना के जवान देश की रक्षा के लिए तत्परता से कार्य कर रहे हैं। आज हम उनके सम्मान और देश के सम्मान में इकठ्ठा हुए हैं। हमारी यह चेतना और जागरूकता ही राष्ट्र की शक्ति है। हमें देश की सेवा और सम्मान में सबसे आगे रहकर कार्य करना है। जब तक हम जैसे सचेत और राष्ट्र प्रेमी नागरिक अपने देश के साथ खड़े हैं तब तक हमारे देश पर कोई भी बुरी ताकत उंगली नहीं उठा सकती है। हम सब सदैव संगठित रहेंगे और देश के लिए हमेशा खड़े रहेंगे. हमारा डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय परिवार 'राष्ट्र प्रथम अभियान' के समर्थन में खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र प्रथम और राष्ट्र की रक्षा के लिए जो बीड़ा उठाया है हम उनके साथ हैं और भारत सरकार के हर कदम और अभियान के साथ हैं।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने 'ओ देश मेरे, तेरी शान पे सदके-कोई धन है क्या, तेरी धूल से बढ़के' गीत की संगीतमयी प्रस्तुति दी। एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी गीत 'हम सब भारतीय हैं' की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. डी के. नेमा, प्रो. चंदा बेन, कुलसचिव डॉ. एसपी. उपाध्याय, सुरक्षा अधिकारी प्रो. राजेन्द्र यादव, डॉ. राकेश सोनी, प्रो. अनिल जैन, प्रो. आर के गंगेले, डॉ. बीके. साठे, प्रो. अस्मिता गजभिये, प्रो. दिवाकर राजपूत, प्रो. बीके श्रीवास्तव, वित्ताधिकारी डॉ. एस. पी. गादेवार, डॉ. सुमन पटेल सहित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया 30 जून तक

**सागर।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों हेतु नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इसके तहत गृह विभाग द्वारा विकसित पोर्टल के माध्यम से जिला स्तर से योग्य व्यक्तियों के नामांकन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। ऑनलाइन नामांकन दर्ज करने की प्रक्रिया एवं सभी आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर 30 जून तक अपलोड किए जाने चाहिए। तकनीकी सहायता के लिए संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

## धामोनी वाले बाबा का तीन दिवसीय उर्स प्रारम्भ बाबा की दरगाह पर पेश की गई संदली चादर

**सागर।** कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद मोहम्मद इश्हाक बली शामी उर्फ बाबा बालजति शाह रह.अलैह धामौनी वाले बाबा के 09 से 11 मई तक सम्पन्न होने वाले तीन दिवसीय सालाना उर्स के पहले दिन शुक्रवार को बाद नमाज जुमा के धामौनी दरगाह प्रबंध कमेटी,उर्स कमेटी के द्वारा तहसीलदार बण्डा और प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर के साथ बाबा के श्रद्धालुओं और अकीदतमंदो के द्वारा पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ बाबा की दरगाह पर संदली चादर पेश की जाकर नाते पाक, सलाम पेश किया जाकर तबर्रुख ( प्रसादि ) का वितरण किया गया। बाबा की दरगाह पर संदली चादर पेश होने के साथ ही तीन दिवसीय सालाना उर्स प्रारम्भ हुआ और बाद नमाज इशा मीलाद शरीफ हुई। दरगाह प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धामौनी वाले बाबा के सालाना उर्स का कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक एवं उर्स कमेटी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह लोधी की अध्यक्षता में संपन्न होगा। आज 10 मई शनिवार को रात 09 बजे कब्बाली प्रोग्राम का उद्घाटन अतिथिगणों के द्वारा संयुक्त रूप से किया जावेगा। हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल नईम साबरी कब्बाल पार्टी और नुसरत खानम कब्बाला पार्टी के बीच तमाम रात कब्बाली और गजलों का मुकाबला होगा।

नगर वासियों से निर्माण कार्यों के प्रति जागरूक रहने हेतु की अपील

## निर्माणरत सड़क की गुणवत्ता को लेकर वार्डवासियों ने ली आपत्ति विधायक शैलेंद जैन ने निरीक्षण कर ठेकेदार को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



केशवगंज वार्ड में नगर निगम निधि से निर्माणरत सड़क का गुणवत्तापूर्ण कार्य न होने से स्थानीय जनों ने आपत्ति लेते हुए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन से शिकायत की।

वार्डवासियों से प्राप्त शिकायत के बाद विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने शिकायतकर्ताओं के साथ कार्य स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कार्य संतुष्टिपूर्ण न होने पर उन्होंने ठेकेदार को जमकर फटकार लगाते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्तायुक्त एवं समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही विधायक जैन ने आयुक्त नगर निगम को नगर में चल रहे निर्माण कार्यों में इंजीनियरों की सतत निगरानी एवं विशेषज्ञ अधिकारियों के समय-समय पर औचक निरीक्षण हेतु निर्देशित किया। ताकी निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो। निरीक्षण के दौरान विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने शिकायतकर्ताओं को निर्माण कार्य के प्रति जागरूक रहने के लिए बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया एवं शहर वासियों से आग्रह किया किया की आसपास चल रहे निर्माण कार्यों की देखरेख करें व किसी प्रकार लापरवाही होने पर तत्काल शिकायत करें ताकी शासन द्वारा आम जनों की सुविधा के लिए कराएं जाने वाले निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ शासन की मंशा अनुरूप हों।

निरीक्षण के दौरान प्रदीप यादव, नासिर खान, बंटू, पार्षद प्रतिनिधि चमन अंसारी, प्रमोद पाठक, देवकीनंदन रावत, प्रभु दयाल गुप्ता, उमा पाठक, लक्ष्मी नारायण सोनी, मुकेश विश्वकर्मा कैलाश साहू, दिलीप विश्वकर्मा, गुड्डू रावत, मदन कोरी, पवन खटीक, सत्यनारायण रजक, सुरेश सोनी, यशवंत पाठक, लल्लू विश्वकर्मा, महेश नामदेव सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक साथ रहे।




**खबर संक्षेप**

### सूचना देने वालों को नकद इनाम की घोषणा

**गंजबासौदा।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना देहात में दर्ज दो प्रकरणो के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वालों के लिए नगद इनाम देने की घोषणा की है। देहात थाना में दर्ज दो प्रकरणों में फरार आरोपी विनोद जैन निवासी चार खंभा वाली गली वार्ड क्रमांक 7 बरेठ रोड बासौदा थाना गंजबासौदा शहर की सूचना देने वालों के लिए पांच हजार रूपए एवं फरार आरोपी सचिन पारदी निवासी ग्राम खजूरिया चक्क थाना बहादुरपुर जिला अशोकनगर की सूचना अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वालों के लिए तीन हजार रूपए इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### बार-बार हुई बिजली गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचलों में बार बार बिजली गुल हो रही है। गुरुवार को भी बार बार बिजली गुल हुई। जिससे उपभोक्ताओं को विद्युत आधारित कार्यों के लिए परेशान होना पड़ा। वहीं रात में भी पिछले कई दिनों से विद्युत कटौती हो रही है। ऐसे में लोग गर्मी एवं मच्छरों से परेशान होते रहते हैं।

### बाहरी व्यक्तियों के दस्तावेजों की जांच को लेकर दिया ज्ञापन

**गंजबासौदा।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा एसडीएम विजय राय को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि नगर में रह रहे बाहरी व्यक्तियों के दस्तावेजों की जांचकर उचित कार्रवाई की जाऐ। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर के वार्ड नंबर 23 चूड़ी मोहल्ला में कई वर्षों से बाहरी नागरिक निवास कर रहे हैं। यह लोग सोना गलाने का काम करते हैं एवं खुद को पश्चिम बंगाल का नागरिक होना बताते हैं। पूर्व में इनके बांग्लादेशी होने के संबंध में कई बार शिकायत की जा चुकी हैं एवं मीडिया में भी इनकी संदिग्ध गतिविधियां होने एवं बांग्लादेश से संबंधित होने संबंधी खबरें प्रकाशित होती रही हैं, परंतु विधिवत जानकारी न होने से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। पूर्व में भी वर्ष 2011 में एक बांग्लादेशी कालगर्ल को गंजबासौदा पुलिस ने पकड़ा था। यह युवती किसके संपर्क से बासौदा आयी थी, उसका उद्देश्य क्या था यह अभी भी रहस्य ही है। उस समय भी मीडिया ने बांग्लादेशी अवैध घुरापैठियों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। परंतु आज तक भी नगर के चूड़ी मोहल्ला में निवासरत बाहरी व्यक्तियों की पहचान सार्वजनिक नहीं हो सकी है।

### एसपी को दिए आवेदन में थाना पुलिस पर भी लगाए मिलीभगत के आरोप

# परिवार के साथ भविष्य अंधकारमय बताकर नाबालिग से किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

ज़ब रक्षक ही आरोपियों की सहयोगी बन पीड़ितों को न्याय दिलाने में बाधक बनने लगे तो ऐसी स्थिति में न्याय के लिए आमजन कहां जाए?? यह प्रश्न दुष्कर्म नाबालिग़ पीड़िता के परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को न्याय के लिए आवेदन देते समय पूंछे। जिसमे नाबालिग पीड़िता को एक ब्यक्ति बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा लें गया और फिर नाबालिग के साथ कई बार दुष्कर्म किया। और ज़ब पीड़िता ने पुलिस के समक्ष न्याय की गुहार लगाई तो संबंधित थाने की महिला पुलिसकर्मी ही नाबालिग को धमकाते हुये आरोपी का साथ देने व राजीनामा का दबाब डालने लगी।




उक्त मामला लिधौरा थानांतर्गत ग्राम का है। जिसमें नाबालिग पीड़ति के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को दिए ज्ञापन में बताया कि आवेदक की एक नाबालिग 15 वर्षीय पुत्री को ग्राम का ही पुनुवा उर्फ धनुषराम केवट बहला फुसलाकर 5 मई को अपने साथ भगा लें गया। जिसकी नामजद रिपोर्ट उसी दिन थाना लिधौरा में की गईं। लेकिन थाना लिधौरा पुलिस द्वारा आरोपी पुनुवा का नाम हटाकर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया था। थाना लिधौरा पुलिस ने जान बूझकर पुनुवा उर्फ धनुषराम केवट का नाम रिपोर्ट में लेख नहीं किया। इसी दौरान 7 मई को पुलिस थाना लिधौरा ने आवेदक की पुत्री को पुनुवा उर्फ धनुषराम केवट के साथ ही पकड़ लिया। तब आवेदक की पुत्री ने खुलासा करते हुये बताया कि ग्राम के उद्दन उर्फ अवधेश साहू ने करीब 6 माह पहले नाबालिग को बहलाते हुये कहा था कि तुम गरीब हो। इसलिए तुम पुनुवा उर्फ धनुषराम केवट से शादी कर लेंना, वह तुम्हें अच्छी तरह से रखेगा, धनुषराम केवट बहुत पैसा वाला है और वह तुम्हे अच्छी तरह से रखेगा। तुम्हारे माता-पिता गरीब घर में शादी करेंगे, जिससे तुम परेशान रहोगी। इसके बाद उद्दन साहू ने अपने फोन से पुनुवा उर्फ धनुषराम केवट से नाबालिग की बात कराने का सिलसिला शुरू किया। इस प्रकार नाबालिग लड़की की पुनुवा उर्फ धनुषराम केवट से बात होती रही। इसी बीच पुनुवा ने नाबालिग को एक फोन दिया और लालच देते हुये कहा कि मैं तुम्हें बहुत पैसे दूंगा, मेरे साथ शादी कर लो। तब अवधेश साहू द्वारा पुनुवा उर्फ धनुषराम केवट से फोन पर बात कराकर नाबालिग को धनुषराम अपने साथ भगा ले गया। इस दौरान साथ रहने पर नाबालिग के साथ पुनुवा उर्फ धनुषराम केवट ने गलत काम किया। नाबालिग ने ज़ब गलत काम करने से मना किया तो आरोपी ने जान से खत्म करने की धमकी देते हुये बार-बार बलात्कार किया। इसी दौरान छिपरी के हार से लिधौरा पुलिस ने गश्त के दौरान आरोपी धनुषराम को नाबालिग लड़की के साथ पकड़ लिया। लेकिन आरोपी पुनुवा उर्फ धनुषराम केवट पुलिस की मिलीभगत से भाग गया। तब लिधोरा थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी दीक्षा पटेल ने नाबालिग लड़की से कहा कि तुम अपनी मर्जी से आरोपी के साथ जाना बताना। नाबालिग के परिजनों ने ज्ञापन में बताया कि आवेदक की पुत्री ने जैसे कथन दिये थे, पुलिस के द्वारा वैसे कथन लेख नहीं किये तथा पुलिस वाले पुनुवा उर्फ धनुषराम केवट से मिले हुये हैं। इसलिए आवेदक की पुत्री को पुलिसकर्मी लगातार धमकाते रहे कि किसी का नाम नहीं लेना। ज़ब नाबालिग लड़की के साथ महिला पुलिसकर्मी टीकमगढ़ गई थी, तब भी वह नाबालिग लड़की को लगातार धमकाती रही कि ज्यादा कार्यवाही नहीं कराना। नाबालिग लड़की ने बताया कि मैं अपने घर से मां का सोने का मंगलसूत्र, सोने की पांचाली, चांदी की बिछुआ ले गईं थी, जो पुनुवा उर्फ धनुषराम केवट ने छीन लिए थे, जो उसी के पास है। एसपी मंडलोई को दिए ज्ञापन में बताया गया कि उद्दन उर्फ अवधेश साहू, किशोर केवट के सहयोग से पुनुवा उर्फ धनुषराम केवट बहला फुसलाकर आवेदक की पुत्री को भगा ले गया था, तथा धमकाकर गलत काम करता रहा है, तथा पुलिस ने सही कार्यवाही नहीं की है। अनावेदक पुनुआ उर्फ धनुषराम केवट के माता-पिता 6 लाख रूपये देकर राजीनामा करने का दवाब बना रहे हैं। और राजीनामा न करने पर लिधोरा पुलिस को अपने साथ मिला लिया है। जिससे कार्यवाही नहीं हो रही है। नाबालिग के परिजनों ने एसपी मंडलोई को दिए आबेदन में गुहार लगाते हुये कहा कि आवेदक की पुत्री ने पुलिस के दवाब के बाद 164 के कथन दिये थे। जिस कारण से आवेदक की पुत्री न्यायालय के समक्ष अपने कथन कराना चाहती है तथा आवेदक की पुत्री अपनी डाक्टरी एवं डीएनए जांच कराना चाहती है, और आरोपियो के विरूद्ध कार्यवाही कराना चाहती है।

### बरीघाट प्लांट का जलस्तर कम होने पर जलसंकट पर बोले नपा सीएमओ

## मेरा उद्देश्य, शहर का जलसंकट का हो यह अंतिम वर्षः सीएमओ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जामनी नदी पर बने स्टॉपडेम में जल स्तर कम होने की बजह से बरीघाट फिल्टर प्लांट से पानी की सप्लाई का अंतराल बढ़ गया है। जिससे शहर के वार्डो में पानी सप्लाई प्रभावित होने को लेकर नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने अपना आशान्वित उद्देश्य भी सबके सामने रखा है।

बरीघाट फ़ल्टिर प्लांट में पानी कम होने की बजह से अब शहर के वार्डो में नलों में पानी की सप्लाई दो दिन के अंतराल पर की व्यवस्था नगर पालिका ने कर कर दी है। चूंकि एक तरफ बरीघाट फिल्टर प्लांट में पानी को संग्रहित करने की क्षमता कम है तो दूसरी ओर जामनी नदी के स्टॉप डैम का जलस्तर गर्मियों में प्रतिवर्ष तेजी से घटता है। उक्त स्थिति को बताते हुये नगर पालिका सीएमओ भदोरिया ने कहा कि कलेक्टर के निर्देशन में प्रयास किया जा रहा है कि शहर के जलसंकट का यह अंतिम वर्ष सिद्ध हो। बारिश के मौसम तक तो पानी सप्लाई की यही व्यवस्था जारी रहेगी। लेकिन अमृत 2 प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद शहर में जल आपूर्ति की स्थिति में सुधार होगा। वर्तमान स्थिति को देखते हुये नपा सीएमओ ने जलप्रदाय शाखा प्रभारी को निर्देशित किया है कि जल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जाए जिससे आमजन की जलसंकट की समस्या में काफी हद तक राहत रहे।

हालांकि वर्तमान समय में शहर के वार्डो में पानी की सप्लाई दो दिन के अंतराल में की जा रही है। साथ ही कई वार्ड ऐसे हैं जहाँ कुछ जगहों पर नलों की पाईप लाईन ही नहीं विछी है। ऐसे क्षेत्रो में लोग हेंडपम्पो पर आश्रित हैं। नपा सीएमओ भदौरिया ने ऐसे क्षेत्रो के खराब हेंडपम्पो को दुरुस्त कराने व टेंकरो से पानी सप्लाई करने के निर्देश दिए हैं।

## सिटी पुलिस ने सटोरियों पर की कार्रवाई, दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी शहर योगेंद्र सिंह परमार के नेतृत्व में सटोरियों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा मराठा वाली गली शर्मा पार्किंग के पास दबिश दी गई जहां श्रीचंद रैकवार उम्र 52 वर्ष निवासी पूर्वी रेलवे कालोनी जालोरी गार्डन के पास को पकडा गया। वहीं न्यू बस स्टैंड पर पानी की टंकी प्याऊ के पास दबिश दी गई जहां से सुनील कुशवाहा उम्र 49 निवासी बेदनखेड़ी टपरिया को सट्टा अंक लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों के विरुद्ध सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर



विवेचना में लिया गया है। गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए धारा 4(क) सट्टा अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। चार आरोपियों के पास से 1310 रूपए, सट्टा अंक लिखी पर्चियां, 1250 रूपए, एक पेन, तीन सट्टा अंक लिखी पर्चियां जब्त की गई।

### रवींद्रनाथ टैगोर का जन्मदिन मनाया

**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में रवीन्द्र नाथ टैगोर एवं पांडुरंग वामन कांडे का जन्मदिवस एवं विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सुनील बाबू पिंगले ने रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें महान व्यक्तित्व का धनी बताया। उन्होंने कहा कि टैगोर एशिया के प्रथम ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 12 अप्रैल को महात्मा गांधी को महात्मा की उपाधि सर्वप्रथम उन्होंने ही दी थी।

### विशेष सफाई अभियान के तहत कराई वार्ड 15 की नाली साफ

## नालियों में उफान न मारे गंदा पानीः सीएमओ भदौरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ

शहर के वार्डो व मोहल्लो में स्थित नालियों की साफ सफाई इस प्रकार हो कि नालियों में गंदा पानी उफ़नकर वाहर आने की गुंजाइश न बचे। उक्त कड़े निर्देश नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने नगर पालिका के शाखा प्रभारी को वार्ड भ्रमण व साफ सफाई अभियान का निरिक्षण करने के दौरान दिए। गंदगी के कारण वारिश में गंदे पानी से उफ़नती नालियों से निजात दिलाने के लिए शहर के वार्डो की नालियों के लिए चलाये जा रहे विशेष सफाई अभियान के तहत प्रतिदिन की भाँति शुक्रवार 9 मई को मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा नगर भ्रमण कर नालियों के सफाई अभियान का निरिक्षण किया गया। इस दौरान नाली सफाई अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 15 में कोतवाली से लेकर सेल सागर तक के क्षेत्र की लगभग 200 मीटर नाली की सफाई कराई गई। इसके साथ ही वार्ड मे भी विशेष सफाई करायी गई। इस दौरान सीएमओ भदौरिया द्वारा नगर पालिका सफाई शाखा प्रभारी को निर्देशित किया गया कि वार्ड मे नालियों के ऊपर किये गये अतिक्रमण को सख्ती से हटाकर नाली की सफाई कराई जाये। नपा सीएमओ भदौरिया द्वारा किये गए विशेष सफाई अभियान के निरिक्षण व वार्ड भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद अनीस अहमद, अनिल श्रीवास्तव एवं सफाई हवलदार राकेश बल्मीक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि बिगत 3 मई को आये तेज आंधी तूफ़ान के बीच हुई कुछ समय की बारिश से ही शहर की नालियाँ उफान मारने लगी थी। जिससे नालियों का गंदा पानी वार्डो व मोहल्लो की सड़को पर फ़ैल गया था।



उक्त स्थिति को देखकर नपा सीएमओ भदौरिया ने नाराजगी व्यक्त कर नपा कर्मचारियों से शहर में बिशेष सफाई अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया था। साथ ही उक्त अभियान के तहत हो रहे सफाई कार्य का स्वयं प्रतिदिन निरिक्षण करने की बात कही थी। तभी से शहर में विशेष सफाई अभियान चल रहा है। जिसका प्रतिदिन सीएमओ भदौरिया द्वारा निरंतर निरिक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहें हैं। साथ ही ये सुनिश्चित किया जा रहा है कि अब वारिश में शहर की नालियों का गंदा पानी सड़को पर न बहे। जिससे मोहल्ले व वार्ड वासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# शास उत्कृष्ट विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**गंजबासौदा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम में कक्षा 10 में कुल 161 में से 157 छात्र पास हुए जिनमें 122 प्रथम रहे। इस प्रकार कुल परिणाम 97.5/ रहा। कक्षा 12 में कुल 302 में से 287 पास हुए जिसमें गणित का 100 प्रतिशत, जीव विज्ञान का 100 प्रतिशत, कृषि का 100 प्रतिशत, कॉमर्स का 92 प्रतिशत,कला का 91 प्रतिशत रहा। इस प्रकार कुल परिणाम 93.3 प्रतिशत रहा। जिसमें 247 छात्र प्रथम रहे। विद्यालय के छात्र ऋतिक लोधी एवं अनुज



राजपूत ने कक्षा 12 में 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी तरह कक्षा 10 में अर्चना कुशवाह ने भी 93.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य एम सी शर्मा के कुशल निर्देशन में विद्यालय के सभी योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा कराए गए अध्यापन और छात्रों के परिश्रम का परिणाम रहा जो इस वर्ष उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ। प्राचार्य एम सी शर्मा ने विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकाओं और विद्यार्थियों को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अपेक्षा की है कि आगे भी इसी तरह टीम भावना से कार्य करते हुए विद्यालय को और ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पित रहेंगे।

### सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार ने दी शुभकामनाएं

## नवांकुर और डॉल्फिन के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी डाल्फिन विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डाल्फिन विद्यालय के छात्र अक्षत रघुवंशी पुत्र नीलम रघुवंशी ने 489/500 अंक प्राप्त कर जिला प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान एवं विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के 13 छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए जिनमें जाह्नवी शर्मा ने 96.8%,सक्षम जाटव ने 96.6%, निमिषा तिवारी ने 96.4%, अदिति लोधी ने 96.2%, कृतिका रघुवंशी ने 95.2%,यश रघुवंशी ने 94.6%,लावन्य डोंगरे ने 93%, ऋषभ लोधी ने 92.6%, जिया दिवाकर ने 92.2%, आदित्य जैन ने 92.2%, वैष्णवी यादव ने 90.2% एवं तनिषा रघुवंशी ने 90% अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की । विद्यालय में 88 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में व 14 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य संदीप जेटली सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उधर नवांकुर विद्यापीठ के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त हुये। मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय की जीव विज्ञान संकाय की छात्रा रिया पटवा पुत्री अनिल पटवा ने 500 में से 479 अंक 95.8% हासिल करके राज्य की प्रावीण्य सूची में पाँचवा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की गणित संकाय की छात्रा पलक रघुवंशी पुत्री देवेंद्र सिंह रघुवंशी ने 500 में से 475 अंक 95% हासिल करके जिले की प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय के छात्र शिवांश गुप्ता और ज्योति राजपूत ने 500 में से 474 अंक 94.8% प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान तथा वाणिज्य संकाय की ही छात्रा खुशी दांगी ने 472 अंकों 94.4% के साथ चतुर्थ व कृषि



विज्ञान संकाय की छात्रा कशिश रघुवंशी ने 470 अंक 94% हासिल कर विद्यालय में पंचम स्थान प्राप्त किया। मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के 166 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक, 129 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक, 82 विद्यार्थियों ने 85% से अधिक और 40 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये। हायर सेकेंडरी परीक्षा में विद्यालय के कुल 262 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 260 विद्यार्थी उच्चतम अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। 243 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और 17 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण घोषित किए गए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 99.02% रहा। हाई स्कूल विभाग में कुल 184 विद्यार्थियों में से 178 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए ,जिनमें 153 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और 25 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। विद्यालय के छात्र हर्षित जैन और सत्यम शर्मा ने 500 में से 487 अंक 97.4% हासिल किये। इस अवसर पर विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट अंक प्राप्त सभी छात्र छात्राओं को फूल मालाऐं पहनाईं गईं और मिष्ठान खिलाया गया तथा तालियां बजाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहोरी, अविनाश डोंगरे, संदीप रावत आदि सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया है।

### बेतवा नदी की सफाई के लिए चलाया अभियान

**गंजबासौदा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवांकुर संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में बेतवा नदी को स्वच्छ और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें स्थानीय समुदाय का उत्साहपूर्ण योगदान देखने को मिल रहा है। आज गुरुवार को



इस सामूहिक प्रयास का पांचवा दिन था, जिसमें दर्जनों पर्यावरण प्रेमियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। श्रमदान सत्र में मुख्य रूप से नदी के जल से कचरा निकाला गया और घाट की सफाई की गई व जल को संरक्षित करने की शपथ भी ली गई। स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर नदी के किनारों और जल में जमा प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाया व घाट पर रंगोली बनाई गयी। बेतवा नदी को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया जा सका।

### दिवंगत सदस्य को दी श्रद्धांजलि

**गंज बासौदा।** गत दिवस रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी ने टीकमगढ़ पहुंचकर रक्षा समिति के सदस्य रहीस वंशकार की पुलिस के साथ ड्यूटी करते हुए मृत्यु होने पर श्रद्धांजलि दी साथ में एसडीओपी राहुल कटरे थाना प्रभारी कोतवाली पंकज शर्मा थाना प्रभारी बड़ागांव नरेन्द्र सिंह से भी मुलाकात की।

## बिजली, पानी को लेकर किसानों ने कर दिया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस बिजली और पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने ग्राम भिलायां के पास उदयपुर घटेरा रोड पर चक्का जाम किया। इस प्रदर्शन में भिलायां सहित आसपास के गांवों के लोग भी शामिल हुए। ग्रामीणों ने सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर खाली टंकी और बर्तन रख दिए। खुद भी सड़क पर बैठ गए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिजली नहीं मिल रही। इससे नल-जल योजना की टंकी खाली रहती है। पीने का पानी नहीं मिल रहा। हैंडपंप भी बंद पड़े हैं। गर्मी के कारण कुएं सूख गए हैं। जलस्तर गिरने से हैंडपंप से भी पानी नहीं निकल रहा। ऐसे में ग्रामीणों को बडी दूर खेतों से पानी लेकर आना पड रहा है। उधर कई किसानों ने खेतों में मूंग की फसल बोई है। लेकिन बिजली नहीं मिलने से उनकी सिंचाई नहीं हो पा रही। तेज गर्मी से फसल खराब होने का डर है। जिससे किसानों को भी परेशान होना पड रहा है।

## साक्षी ने 10वीं में 96.4 अंक अर्जित कर बढाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

पलेरा वार्ड नंबर 1 के पार्षद राज नापित की पुत्री साक्षी नापित ने 10 वी की बोर्ड परीक्षा में 96.4% अंक हासिल कर। मेरिट लिस्ट में बनाई जगह ,पलेरा तथा टीकमगढ जिले का बढाया गौरव। गौरतलब है कि साक्षी नापित शासकीय मॉडल स्कूल पलेरा में अध्यनरत है। जब इस संबंध में साक्षी नापित से बात की गई कि आप भविष्य में क्या बनना चाहती हैं तो उनका कहना था कि मैं भविष्य



में इंजीनियर या डॉक्टर बनना चाहती हूं। जिससे समाज सेवा कर अपने क्षेत्र का नाम समूचे प्रदेश में गौरवान्वित करने का एक प्राण में अपने मन में सजोय रखी हुई हूं उसे पुरा कर सकू। इस मौके पर नगर परिषद पलेरा के समस्त पार्षदों ने तथा कांग्रेस ,भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने व नगर के नागरिकों ने साक्षी नापित को फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कलेक्टर को निरीक्षण में मिली अनियमितताएं, जताई नाराजगी

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद से पृथक, समूह का अनुबंध निरस्त, सुपरवाइजर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एक ओर तो कुपोषण के खात्मे के उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा ने हर विभाग को जिम्मेदारी सौंपने का नवाचार किया है, वहीं दूसरी ओर इस काम में लगा मैदानी अमला जिम्मेदारियों से अनभिज्ञ बना है। इसका प्रमाण मानपुर क्षेत्र में भ्रमण के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा को मिला। इस लापरवाही पर कलेक्टर ने जहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पद से पृथक करने और भोजन नाश्ते में अनियमित बरतने वाले महिला स्व सहायता समूह का अनुबंध निरस्त करने के निर्देश सीडीपीओ को दिए हैं। वही सेक्टर सुपरवाइजर को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा शुक्रवार को श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम मानपुर का भ्रमण कर आंगनबाडी केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पशु औषधालय, नवीन तहसील भवन, पंचायत भवन तथा निर्माणाधीन आयुष औषधालय भवन आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र ए, बी एवं सी का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र ए एवं सी में बच्चें नही मिलने तथा आयरन सीरप, मल्टी विटामिन आदि का वितरण नही करने के चलते आंगनबाड़ी ए की कार्यकर्ता रामधारा बाई तथा आंगनबाड़ी सी की कार्यकर्ता बेगम बानो को पद से पृथक करने की कार्यवाही करने के निर्देश महिला बाल विकास विभाग को दिये गये। निरीक्षण के दौरान आंगनबाडी ए की कार्यकर्ता अनुपस्थित पाई गई। आंगनबाडी बी के निरीक्षण के दौरान बच्चें उपस्थित पाये गये तथा बच्चों का वजन आदि लेने की प्रक्रिया की जा रही थी। आंगनबाड़ी केन्द्रो के निरीक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा अवगत कराये जाने पर कि समूहों द्वारा दर्ज बच्चों की संख्या के मान से मध्यान्ह भोजन प्रदाय नही किया जा रहा है, इस पर तीनों आंगनबाड़ी केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने वाले समूहों को हटाने के निर्देश भी दिये गये। आंगनबाड़ी केन्द्रों में अव्यवस्थाएं मिलने पर संबंधित सेक्टर, सुपरवाईजर के विरूद्ध भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।



#### पीएचसी का निरीक्षण, ओपीडी में नियमित बैठने के निर्देश

कलेक्टर ने मानपुर स्थित प्राथमिक अस्पताल के निरीक्षण के दौरान डॉ ज्योति त्यागी को निर्देश दिये कि अस्पताल में ओपीडी व्यवस्थित रूप से संचालित की जायें तथा रोगियों को शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जायें। निरीक्षण के दौरान ओपीडी की संख्या 10 पाई गई। वहीं पशु औषधालय के निरीक्षण के दौरान एव्हीएफओ मनोज कुमार दादौरिया को निर्देश दिये कि अस्पताल भवन की ठीक तरह से साफ-सफाई कराई जाये तथा पशुपालक किसानों को पशुपालन विभाग की सेवाओं का लाभ प्रदान किया जाए।

#### सरपंच का चुनाव होगा शून्य घोषित, सचिव को नोटिस

भ्रमण के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा को मानपुर स्थित ग्राम पंचायत भवन बंद मिलने, ग्राम में गंदगी पाये जाने पर सरपंच को धारा 40 के तहत पद हटाने की करवाई के निर्देश जिपं सीईओ अतेन्द्र सिंह गुर्जर को दिए। वहीं पंचायत सचिव लोकेश पाराशर एवं जीआरएस गजेन्द्र सिंह तोमर को लापरवाही पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

#### एसडीएम करेंगे शिविर लगाकर जनसुनवाई

मानपुर पहुंचे कलेक्टर को ग्रामीणों ने कई समस्याएं बताईं समस्याओं के मिलने से नाराज हुए कलेक्टर ने एसडीएम बीएस श्रीवास्तव को निर्देश दिये कि मानपुर स्थित पंचायत भवन में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जायें। उन्होंने नव निर्मित नायब तहसीलदार भवन के अवलोकन के दौरान निर्देश दिये कि मानपुर नायब तहसीलदार कार्यालय शीघ्रता से नये भवन में शिफ्ट किया जायें। उन्होने कहा कि भवन को हैंडओवर लेकर शिफ्ट करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## ग्राम पंचायतों में इस शनिवार को बी-वन का वाचन कराएं: कलेक्टर

**श्योपुर।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में शनिवार 10 मई को प्रातः 11 बजे से बी-वन का वाचन कराया जायें, एसडीएम तथा तहसीलदार सभी पटवारियों को निर्देशित करे कि पंचायत मुख्यालयों पर बी-वन का वाचन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके साथ ही फोती एवं अविवादित नामांतरण के प्रकरण प्राथमिकता के साथ निराकृत किये जायें। जनसुनवाई अथवा अन्य माध्यमों से शिकायते आने पर संबंधित पटवारी के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए दिए। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि सभी पटवारी प्रत्येक मंगलवार एवं गुरूवार को पंचायत भवन में बैठकर राजस्व संबंधी मामलों का निराकरण करें। इस दौरान पंचायत सचिव भी उपस्थित रहेंगे। उन्होने कहा कि एसडीएम एवं तहसीलदार इन निर्देशो का सख्ती से पालन कराये तथा अवहेलना करने वाले कर्मचारियों के प्रस्ताव कार्यवाही के लिए प्रस्तुत किये जायें। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में शासन की विभिन्न योजनाओं का जायजा भी लें तथा नियमित रूप से आंगनबाडी केन्द्रों, छात्रावासो, आश्रमों, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम आदि का निरीक्षण करें।



आगामी 14 मई से 28 मई तक संपूर्ण टीकाकरण हेतु आयोजित विशेष कैचअप रांउड में प्रतिरोधी परिवारों को टीकाकरण कराने में सहयोग प्रदान करें। उक्त कार्यक्रम की अपने स्तर से मॉनीटरिंग भी की जायें। बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदनों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गए कि शिकायतों का त्वरित रूप से निराकरण सुनिश्चित किया जाये तथा टीएल मार्क प्रकरणों में शीघ्रता से रिप्लाई दिया जायें। इस अवसर पर एसडीएम श्योपुर बीएस श्रीवास्तव, कराहल मनोज गढवाल, विजयपुर अभिषेक मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन,वायएस तोमर, एसएलआर मुन्ना सिंह गुर्जर सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि उपस्थित थे।

#### अब पेंशन लंबित रही तो होगी कार्यवाही, पात्रता दिनांक से स्वयं देनी होगी पेंशन की राशि

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दिव्यांगजन, कल्याणी एवं वृद्धावस्था सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों का लाभ पात्र हितग्राहियों को सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी किया है कि सभी पंचायत सचिव एवं वार्ड प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सभी पात्र हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिया जाना सुनिश्चित करते हुए अगले 15 दिवस में यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे कि उनके क्षेत्र में अब कोई पात्र हितग्राही पेंशन से वंचित नही है। इसके बावजूद कोई पात्र हितग्राही संज्ञान में आता है तो संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही तो की ही जायेगी, बल्कि संबंधित अधिकारी, कर्मचारी जिसकी लापरवाही से पेंशन नही मिली है, अथवा लंबित है, उससे पात्रता दिनांक से पेंशन की राशि का भुगतान हितग्राही को कराया जाएगा। कलेक्टर द्वारा सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से उक्त आश्य का आदेश जारी किया गया है कि जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन एवं शिविरो के आयोजन के दौरान दिव्यांगजन, कल्याणी एवं वृद्धावस्था पेंशन हेतु मांग प्राप्त होती है। संबंधित पंचायत सचिव एवं वार्ड प्रभारी द्वारा समय पर पेंशन प्रकरण तैयार नही करने तथा प्रक्रिया पूर्ण नही करने से अनावश्यक देरी होती है, जिससे हितग्राही को आर्थिक हानि भी होती है। इस संबंध में तीनो जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नगरीय निकायो के सीएमओ को निर्देश दिये गये है कि ग्राम पंचायत सचिव, जीआरएस, वार्ड प्रभारियों से संबंधित पंचायत अथवा वार्ड में पेंशन हेतु सर्वे कराकर पात्रतानुसार पेंशन स्वीकृत करने की कार्यवाही की जायें।



#### कल रवाना होगा हजयात्रियों का दूसरा जत्था

**श्योपुर।** मक्का मदीना के दीदार के लिए इन दिनों हजयात्री सऊदी अरब रवाना हो रहे हैं। इस क्रम में रविवार को जिले से दूसरा जत्था हज यात्रा के लिए रवाना होगा। जिसमें एक दर्जन से अधिक हज यात्री शामिल है। इससे पहले एक जत्था रवाना हो चुका है चार चरणों में हाजी हाज यात्रा पर रवाना होंगे। जो लोग हज यात्रा पर जा रहे हैं उनके स्वागत सत्कार का इन दिनों लगातार बना हुआ है। श्योपुर जिले से इस बार 35 लोगों को हज यात्रा पर जाने के लिए वीजा मिला है केंद्रीय हज कमेटी के माध्यम से हज यात्रा पर जाने वाले अधिकतर यात्री मुंबई से ही हज यात्रा पर रवाना होंगे तीन दो दिन मुंबई हज हाउस में रहकर हज के तरीके सीखेंगे। बाद वह हवाई जहाज के माध्यम से जेद्दा रवाना होंगे इससे पहले जयपुर से चार लोग हज यात्रा पर जा चुके हैं जिनकी उड़ान जयपुर से मदीना के लिए हुई थी हज यात्रा पर जाने वालों में जमातखाना मस्जिद के इमाम हाफिज बिलाल मोहम्मद के पिता ज़ाकिर मोहम्मद ओर उनकी मां भी शामिल है।

#### सोशल मीडिया के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा जन सामान्य की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। उन्होंने भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई सैन्य कार्यवाही से उद्भूत परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्स एप, फेसबुक, इंस्टाग्राम व अन्य पर भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनायें, संदेश आमजन द्वारा चित्रों, ऑडियो एवं वीडियो मेसैज के माध्यम से प्रसारित व फॉरवर्ड किये जा रहे हैं। ऐसी भ्रामक तथा अपुष्ट खबरों के कारण कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रतिकूल स्थितियां निर्मित होने की संभावना बनी हुई है, साथ ही लोक व्यवस्था को खतरा उत्पन्न होने की स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। उपरोक्त संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये सोशल मीडिया के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे कि फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया साईट्स आदि का दुरुपयोग कर किसी भी प्रकार के भ्रामक एवं अपुष्ट संदेशों का प्रसारण नहीं करेगा।

### आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश की शुरू हुई प्रक्रिया

# जिले के 508 गरीब बच्चों को 106 निजी स्कूलों में मिलेगा निःशुल्क प्रवेश, होगी अच्छी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नए शिक्षा सत्र 2025-26 में निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार शुरू हो गई है। सभी जिलो के साथ यह प्रक्रिया श्योपुर जिले में चल रही है। आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के तहत होने वाले निःशुल्क प्रवेश के तहत इस बार जिले 106 निजी स्कूलों में 508 सीटों पर गरीब बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। इसके तहत गरीब वर्ग के अभिभावक भी अपने बच्चों को निजी स्कूल में प्रवेश दिलाने की उम्मीद को लेकर कवायद में जुट गए है।

डीपीसी डॉ पीएस गोयल ने बताया कि श्योपुर जिले में कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आरटीई अतंर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन की प्रक्रिया गत 7 मई से शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 21 मई तक नियत की गई है, इस अवधि में त्रुटि सुधार भी किया जा सकता है। आवेदन पश्चात 23 मई तक सत्यापन की प्रक्रिया की शासकीय जनशिक्षा केन्द्रो के माध्यम से की जायेगी। 29 मई को रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लाटरी द्वारा स्कूल का आवंटन होगा तथा एसएमएस के माध्यम से आवेदको को सूचना दी जायेगी, आवंटन उपरांत अशासकीय स्कूलो में प्रवेश हेतु उपस्थिति 2 जून से 10 जून तक दी जा सकेगी। प्रवेश के लिए वंचित समूह अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति, वनभूमि के पट्टाधारी, विमुक्त जाति तथा दिव्यांग बच्चे और एचआईवी ग्रस्त बच्चों को पात्रता प्रदान की गई है, कमजोर वर्ग अंतर्गत बीपीएल परिवारों को, अनाथ बच्चे, कोविड-19 में माता-पिता अथवा अभिभावको की मृत्यु के कारण अनाथ बच्चे शामिल किये गये है, अधिक जानकारी के लिए जिला शिक्षा केन्द्र श्योपुर से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।



#### सबसे अधिक श्योपुर ब्लॉक के निजी स्कूलों में होंगे निःशुल्क

गरीब बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिए सबसे अधिक सीटे श्योपुर ब्लॉक के अंतर्गत संचालित स्कूलों में निर्धारित की गई है। इसलिए सबसे अधिक निःशुल्क प्रवेश श्योपुर ब्लॉक के निजी स्कूलों में होगा। डीपीसी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार श्योपुर ब्लॉक के अंतर्गत 84 निजी स्कूल संचालित हो रहे है। इन स्कूलों में गरीब बच्चों के निःशुल्क के प्रवेश के तहत 416 सीटे आरक्षित की गई है। वहीं कराहल ब्लॉक के अंतर्गत 15 निजी स्कूल संचालित हो रहे है। जिनमें 62 सीटे गरीब बच्चों के लिए आरक्षित रखी गई है। इसी प्रकार विजयपुर ब्लॉक में 7 निजी स्कूलों को संचालन किया जाएगा। जिसमें 18 सीटे निःशुल्क प्रवेश के लिए आरक्षित की गई है।

#### यह होगी कक्षा में प्रवेश की आयु सीमा

नर्सरी में न्यूनतम आयु 3 वर्ष एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह होगी।

केजी-1 में न्यूनतम आयु 4 वर्ष एवं अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह रहेगी।

केजी-2 में न्यूनतम आयु 5 वर्ष एवं अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माह होगी।

कक्षा-1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह तय की गई है।

#### सेंट पयस स्कूल निःशुल्क प्रवेश के दायरे से बाहर

यूं तो शासन से मान्यता प्राप्त सभी निजी स्कूल आरटीई के तहत गरीब बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के दायरे आते है,लेकिन श्योपुर जिला मुख्यालय पर संचालित सेंट पयस स्कूल इस दायरे से बाहर है। बताया गया है कि सेट पयस स्कूल श्योपुर को शासन की ओर से अल्पसंख्यक संबंधी प्रमाणपत्र मिला हुआ है। जिसकारण शासन ने इस स्कूल को निःशुल्क प्रवेश के दायरे से बाहर कर दिया है।

### लंबे समय से बंद पड़ा है पोर्टल, नहीं मिल पा रहा नया कनेक्शन

# उज्ज्वला गैस कनेक्शन का नहीं मिला लक्ष्य गरीब परिवार कर रहे सिलेंडर का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले को उज्ज्वला गैस कनेक्शन का लक्ष्य अभी तक नहीं मिल सका है। इसके चलते हाल ही में विवाह कर चुके वर-वधुओं नई गृहस्थी तैयार करने में परेशानी हो रही है। लंबे समय से उज्ज्वला गैस का पोर्टल बंद होने से आवेदन नहीं हो पा रहे हैं।

यहां बताना होगा कि केन्द्र सरकार ने 1 मई 2016 को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। लगातार आठ वर्ष 2022 तक इस योजना के आवेदन लिए गए। तब से अब तक जिले में 1 लाख 23 हजार गैस कनेक्शन स्वीकृत किए गए। योजना में करीब 300 रुपए की सबसिडी दी जा रही है। वर्ष 2022 के बाद पेट्रोलियम कंपनियों ने उज्ज्वला गैस कनेक्शन के पोर्टल बंद कर दिए। ये मान लिया कि श्योपुर जिले में उज्ज्वला गैस कनेक्शन की जरूरत खत्म हो गई है। नया लक्ष्य भी नहीं आ पा रहा है। वर्ष 2022 के बाद से हुए शादी-ब्याह से जिले में नए परिवार बने हैं। जिनमें अनेक गरीब महिलाएं और पुरुष है। इन परिवारों की जरूरत नया गैस कनेक्शन है। उन्हें सामान्य गैस कनेक्शन उच्चतम दामों पर खरीदना पड़ रहा है। जबकि उज्ज्वला गैस कनेक्शन मुफ्त में दिए जाने का प्रावधान है।



#### जिले में 1.23 लाख कनेक्शन

बताया गया है कि जिले में 1 लाख 23 हजार के आसपास उज्ज्वला गैस कनेक्शन संख्या है। जबकि 47 हजार के आसपास सामान्य गैस उपभोक्ता है। इस तरह कुल 1 लाख 70 हजार परिवार गैस उपभोक्ता है। वर्ष 2024 में उज्ज्वला गैस पोर्टल बंद होने से ये कनेक्शन यथावत है।

### मृतक के परिजनों सहित ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर दिया ज्ञापन

# करंट से युवक की मौत की जिम्मेदार बिजली कंपनी कर्मचारियों की लापरवाही, कार्रवाई करो

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आवदा थाना क्षेत्र के गांव बुखारी में बीते रोज करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। इस मौत के लिए ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के कर्मचारियों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करते हुए ज्ञापन दिया और दोषी बिजली कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और मृतक के परिजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई।

बता दें कि बुधवार की शाम को ग्राम बुखारी में बिजली डीपी तार जोड़ते समय रामअवतार नागर की करंट लगने से मौत हो गई। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि रामअवतार की मौत की जिम्मेदार बिजली कर्मचारियों की लापरवाही है। क्योंकि मृतक ने सब स्टेशन कर्मचारी दीपक जादौन से विद्युत आपूर्ति बंद रखने की अनुमति ली थी। फिर भी बिजली सप्लाई अचानक चालू कैसे हो गई। ग्रामीणों ने बर्धा सब स्टेशन के तीन अन्य कर्मचारियों उदय रावत, मानसिंह गुर्जर और पवन शर्मा को भी इस लापरवाही का जिम्मेदार बताया है। उन्होंने इन कर्मचारियों को हटाने और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। साथही चेतावनी दी है कि मांगे न माने जाने की स्थिति में आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन को दिए ज्ञापन की प्रति बिजली कंपनी के महाप्रबंधक को भी दी है। इस दौरान भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जाट और अशोक गर्ग भी ग्रामीणो के साथ मौजूद रहे।



#### इधर रूपनगर में करंट लगने से किसान की मौत

देहात थाना क्षेत्र के रूपनगर गांव में गुरूवार को करंट लगने से एक किसान की मौत होने का मामला भी सामने आया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम रूपनगर निवासी हरप्रीत मीणा पुत्र काडूलाल मीणा को उस समय करंट लग गया,जब वह ट्यूबवेल को चालू कर रहा था। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर करंट लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।


### मुस्लिम समाज बोला ईंट का जवाब पत्थर से मिलेगा पाकिस्तान को

# मस्जिदों में सराहा भारतीय सेना का पराक्रम, मांगी जीत की दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भारत और पाकिस्तान के बीच बन चुके युद्ध जैसे हालातों के बीच शुक्रवार को मुस्लिम समाज में अनुकरणीय पहल करते हुए मस्जिदों में न सिर्फ नमाज में भारतीय सेना के विजयी होने की दुआ की, बल्कि पाकिस्तान द्वारा आबादी क्षेत्र में की जा रही गोलीबारी, मिसाइल और हवाई हमलों की भर्त्सना की। इस दौरान कई मस्जिदों पर पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगे और पाकिस्तान को उसकी हरकत के लिए ईंट का जवाब पत्थर से देने की बात मुस्लिम समुदाय के लोग बोले।

वक़्फ़ इंतजामिया कमेटी जमातखाना के सदर इंसाफ कुरैशी ने बताया कि उलमा ए दीन एवं मध्य प्रदेश वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) डॉ सनवर पटेल की अपील पर शुक्रवार को पढ़ी गई जुमा की नमाज में भारतीय सेना के विजयी होने की दुआ मांगी गई। इस दौरान मस्जिद हम्मालान में नमाज अदा कराने के बाद शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने मुस्लिम समाज की ओर से ऐलान करते हुए कहा कि भारत का मुसलमान पूरी ताकत से भारतीय सेना के साथ खड़ा है और पाकिस्तान द्वारा पूर्व में करवाई गई आतंकी हरकत की भर्त्सना करता है। उन्होंने कहा कि यह समय सेना के साथ पूरी ताक़त से खड़े होने का है और भारत का मुसलमान यही कर रहा है। इस दौरान वक़्फ़ इंतजामिया कमेटी जमातखाना के सदर इंसाफ कुरैशी ने पाकिस्तान की ओर से धर्म का कार्ड खेले जाने की भर्त्सना करते हुए कहा कि उनके धर्म के कार्ड को न सिर्फ़ भारत का मुसलमान ख़ारिज कर चुका है बल्कि खुद पाकिस्तान में लोग पाकिस्तानी हुक्मरान और वहां की सेना जो अघोषित रूप से सत्ता कब्जाए हुए हैं के विरोध में प्रदर्शन कर रही है। इस दौरान नमाजियों ने मस्जिद के बाहर खड़े होकर पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान को इस युद्ध में ईंट का जवाब पत्थर से देने की बात कही।



### 13 से 21 मई तक कराहल विकासखंड में लगेंगे शिविर

# कटे फटे होठ, हार्ट डिसिज, क्लबफुट उपचार चिन्हांकन हेतु ड्राइव 13 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा आरबीएसके अंतर्गत कटे-फटे होठ वाले बच्चों के ऑपरेशन सहित हार्ट डिसिज, क्लबफुट एवं कॉकलीयर इंप्लांट सहित 38 प्रकार की बीमारियों के निशुल्क उपचार के लिए कराहल क्षेत्र में विशेष ड्राइव चलाने के निर्देशो के क्रम में 13 मई से 21 मई तक विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जायेंगे।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिंह सिकरवार ने बताया कि 13 मई को उप स्वास्थ्य केन्द्र ढेगदा, 14 मई को उप स्वास्थ्य केन्द्र गिरधरपुर, 15 मई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरगवा, 16 मई को उप स्वास्थ्य केन्द्र सेसईपुरा, 19 मई को उप स्वास्थ्य केन्द्र पहेला, 20 मई को उप स्वास्थ्य केन्द्र गोरस एवं 21 मई को आंगनबाडी केन्द्र आवदा पर शिविर आयोजित होंगे। आरबीएसके प्रभारी स्नेहलता गुर्जर ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आरबीएसके टीम द्वारा शून्य से 18 वर्ष तक के जन्मजात विकृति के बच्चो के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर उपरोक्तानुसार आयोजित किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### दो बाइक आपस में टकराईं

**अशोकनगर।** जिले की पिपरई थाने के अंतर्गत करतार उर्फ भूरा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तिलकराज निवासी मारोन ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक को टक्कर मार दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रमेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करतार अहिरवार ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी।

### ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी करने का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली पुलिस ने बंधू शर्मा निवासी वार्ड क्र 11 की रिपोर्ट पर से सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के विरूद्ध टिप्पणी करने पर रश्मी रघुवंशी शिक्षिका के विरूद्ध धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गये हैं जिले पिपरई पुलिस ने नीतेश यादव निवासी भरियाखेड़ी के पास से 15 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार पिपरई पुलिस ने राजकुमार यादव निवासी ग्राम भरियाखेड़ी के पास से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। पिपरई पुलिस ने ही आकाशा यादव निवासी ग्राम भरियाखेड़ी के पास से 12 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### घर में घुसकर कीमती सामान चोरी

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत वीरसिंह पुत्र श्यामलाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर में रात्रि के समय में कोई अज्ञात चोर सोने का मंगलसूत्र, 5 चांदी के कड़े,1 चांदी का कमरबंद गुछा,चांदी की बिछुरी और नगदी दस हजार रूपये मलावनी के घर से चोरी कर ले गया। फरियादी ने कल्ला रघुवंशी पर संदेह व्यक्त किया है।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया रहेंगे दो दिवसीय जिले के भ्रमण पर

**अशोकनगर।** केन्द्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 10 एवं 11 मई को दो दिवसीय अशोकनगर जिले के भ्रमण पर रहेगें। जारी कार्यक्रम के अनुसार सिंधिया 10 मई 2025 को सायं 06.45 बजे राजौरा महुआखेड़ा से प्रस्थान कर रात्रि 08.15 बजे हसारी आयेगें एवं रात्रि 08.45 बजे तक जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेगें। रात्रि 08.45 बजे हसारी से प्रस्थान कर रात्रि 09.15 बजे हरकुण्डं चुंगी आयेगें एवं शोक संतृप्त परिवारों के घर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेगें। तत्पश्चात रात्रि 09.40 बजे किला कोठी चंदेरी पहुंचेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 11 मई 2025 को प्रातः 10.15 बजे किला कोठी से प्रस्थान कर प्रातः 10.30 बजे नया बस स्टेण्ड चंदेरी पहुंचेगे एवं विभिन्नि परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेगें। प्रातः 11.30 बजे बस स्टेवण्डि चंदेरी से प्रस्थान कर दोपहर 12.15 बजे ग्राम कालीटोर चंदेरी पहुंचेगें एवं ग्राम चैपाल में भाग लेगें। दोपहर 01.15 ग्राम कालीटोर से प्रस्थान कर दोपहर 01.45 बजे ईसागढ़ पहुंचेगें। दोहपर 01.45 बजे से दोपहर 03.30 बजे तक नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम एवं दोपहर 03.30 बजे से दोपहर 03.45 बजे तक स्था3नीय कार्यक्रम में भाग लेगें। तत्पश्चात ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेगें।

### 9 मई को विद्युत प्रदाय रहेगा बाधित

**अशोकनगर** । मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहा.प्रबंधक उज्जवल बारंगे ने 09 मई 2025 दिन शुक्रवार को पुरानी कलेक्ट्रेट फीडर पर रखरखाव कार्य किया जायेगा। जिससे 11 केव्ही फीडर पुरानी कलेक्ट्रेट से आजाद मौहल्ला, बोहरे कॉलोनी, कृष्णा एवेन्यु क्षेत्र का विद्युत प्रदाया सुबह 8.30 से दोपहर 1.30 बजे तक बाधित रहेगा। विद्युत प्रदाय बंद या चालू करने का समय आवश्यकतानुसार घटाया-बढाया जा सकता है।

---

353 प्रधानाध्यापकों के चतुर्थ चरण के प्रशिक्षण का डाइट में हुआ समापन

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदान की जाए गुणवत्ता युक्त शिक्षाः डीपीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



स्कूलों में पहुंचकर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करें जिससे कि उनके सर्वांगीण विकास हो सके। सभी प्रधानाध्यापक स्कूलों में अपने सभी शिक्षकों को इसके लिए प्रेरित करें। यह बात जिला शिक्षा केंद्र के डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने शुक्रवार को शहर के डाइट में आयोजित हुए करैरा व शिवपुरी ब्लॉक के हेड मास्टरों को संबोधित करते हुए कही। स्टार प्रोजेक्ट के तहत जिले के 2188 प्राइमरी व मॉडल स्कूलों के हेड मास्टरों का लीडरशिप प्रशिक्षण डाइट में अप्रैल माह से चल रहा है। इसी तारतम्य में चतुर्थ चरण के प्रशिक्षण के समापन पर डाइट प्राचार्य एमयू शरीफ ने भी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया।प्रशिक्षण का पूरा इंतजाम डाइट के प्रशिक्षण प्रभारी रोहिणी अवस्थी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### बच्चों में विकसित करें समालोचनात्मक चिंतन

डाइट में करैरा और बचे हुए शिवपुरी ब्लॉक के हेड मास्टरों के नेतृत्व विकास के पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्राचार्य एमयू शरीफ ने कहा कि समालोचनात्मक चिंतन में गहराई से सोचना और प्रश्न पूछना एवं उचित अवसर आदि गुणों को विकसित करना शामिल हैं। इसलिए बच्चों में समालोचनात्मक चिंतन कौशल विकसित करें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने-अपने अनुभव व नवाचार भी साझा किये ताकि प्रतिभागी उससे सीख कर अपनी शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बना सके। इस अवसर पर डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्र गुप्ता, मास्टर ट्रेनर्स मनीष जैन, नीरज मिश्रा, महावीर मुदगल, राकेश भटनागर, दिनेश गुप्ता, गोपाल जैमिनी, संजय श्रीवास्तव, राम लखन राठौर, निर्मल जैन, रमेश कुशवाह, यूसुफ पठान, सुरेंद्र गुप्ता, उर्वशी शर्मा, अंजना दंडोतिया, रेखा रघुवंशी, परबीन कुरैशी आदि मौजूद थे।

### 13 से शुरू होगा बदरवास व कोलारस के संस्था प्रमुखों का प्रशिक्षण

डाइट के जिला प्रशिक्षण प्रभारी रोहिणी अवस्थी ने बताया कि प्रशिक्षण के चौथे चरण में करैरा व शिवपुरी ब्लॉक के 351 हेड मास्टरों का आवासीय प्रशिक्षण 5 से 9 मई तक डाइट में आयोजित किया गया। अब हेड मास्टरों के पांचवें चरण का प्रशिक्षण 13 से17 मई तक डाइट में आयोजित किया जाएगा जिसमें बदरवास एवं कोलारस विकासखंड के 353 प्रधानाध्यापक शामिल होंगे। यह प्रशिक्षण भी उक्त प्रशिक्षकों की तरह पूरी तरह आवासीय रहेगा जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों के आवास व भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

---

सांदीपनि विद्यालय पोहरी में समर कैंप

# निखर रही नौनिहालों की प्रतिभाएं खेल-खेल में

क्रिएटिव गतिविधियों से निखर रहा बच्चों का व्यक्तित्व




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोहरी

सांदीपनि विद्यालय पोहरी में 01 मई से आयोजित समर कैंप में बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने कौशल और प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल रहा है। इन गतिविधियों में खेलकूद, योग, ड्रॉइंग, पेंटिंग, थिएटर और रोल प्ले शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य अचल सिंह कुशवाहा का कहना है कि स्कूल के इस समर कैंप में स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के पालकों को भी बुलाया जा रहा है जहां पालक समर कैंप में पहुंचकर बच्चों की गतिविधियों को देख रहे हैं। चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने थीम को लेकर रंग उकेरे।

### कैंप में उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे बच्चे

पोहरी के सीएम राइज स्कूल यानी की सांदीपनि विद्यालय के प्रचार अचल सिंह कुशवाहा ने बताया कि समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों में उत्साह और रचनात्मकता का संचार देखा जा रहा है। स्थिति यह है कि समर कैंप में पिछले 9 दिनों से बच्चे इन गतिविधियों में बढ़.चढ़कर भाग ले रहे हैं और अपने कौशल को विकसित कर रहे है। इस दौरान समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिनमें खेलकूद, योगा, ड्राइंग और पेंटिंगएडांस, थिएटर और रोल प्ले की गतिविधियों के जरिए बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ अभिनय और संवाद कौशल विकसित हो रहा है।

### बच्चे नई-नई चीजें सीख कर खुश रहने की ले रहे तालीम

विद्यालय मैं चल रहे समर कैंप के प्रभारी अमरदीप श्रीवास्तव का कहना है कि समर कैंप में बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने कौशल और प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल रहा है। यह पहल बच्चों के भविष्य में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।समर कैंप में बच्चों के कौशल को निखार रहे मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक महेश कुमार स्वर्णकार ने बताया कि समर कैंप में की जाने वाली सह शैक्षणिकए सोशल और क्रिएटिव गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व को निखारती हैं। बच्चे नई चीजें सीखते हैं और छोटी.छोटी बातों में खुश रहना और आभार जताना सीखते हैं। इसअवसर पर समर कैंप प्रभारी अमरदीप श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा छात्र छात्राओं से समर कैंप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

---

अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने की सेवा कार्यों की शुरुआत

# हनुमान मंदिर परिसर में गरीबों के साथ ही निराश्रितों को भी भोजन कराया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

सेवा कार्यों को लेकर कार्यरत समाजसेवी संस्था अंतर्राष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के द्वारा संस्था के नवागत अध्यक्ष मुकेश जैन, मगरौनी वाले के द्वारा अपने सेवा कार्यकाल की शुरूआत स्थानीय माधवचौक चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर की गई जहां सर्वप्रथम प्रभुदर्शन किए गए तत्पश्चात संस्था अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संभागीय महामंत्री चौधरी हरिओम जैन, प्रदेश मंत्री व ग्वालियर चंबल संभागीय प्रभारी प्रीति जैन की उपस्थिति में सेवा कार्य करते हुए हनुमान मंदिर परिसर में गरीब, निर्धन, निराश्रितों की सेवा करते हुए उन्हें भोजन कराया गया और अपने सेवा कार्यकाल की शुरूआत की गई। इस सेवा कार्य में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन संस्था के संभागीय उपाध्यक्ष मुकेश जैन, मुकेश जैन मकरोनी वाले, शिखा सिंघल, महिला इकाई से नेहा मंगल, युवा इकाई रितेश गर्ग और उनकी टीम मौजूद रही। सभी ने मिलकर वृद्धजनों निराश्रितों को अपने हाथों से भोजन परोसा और सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया।

---

एसडीएम, नायब तहसीलदार ने कोलारस अस्पताल का निरीक्षण किया

# हाजिरी रजिस्टर, दवा स्टॉक व सफाई का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस



शुक्रवार को एसडीएम अनूप श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार शैलेंद्र भार्गव के साथ कोलारस अस्पताल के आकस्मिक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। यह पहली बार नहीं है जब एसडीएम अनूप श्रीवास्तव इस प्रकार का निरीक्षण कर रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए वे समय समय पर एमरजेंसी सेवाओं का जायजा लेते रहे हैं। पूर्व में विधायक महेंद्र यादव के साथ भी उन्होंने अस्पताल में व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश बीएमओ आशीष व्यास को दिए थे। इस बार उन्होंने अस्पताल पहुंचकर हाजरी रजिस्टर देखा। दवाओं का स्टॉक सहित साफ सफाई और एमरजेंसी सेवाओं का जायजा लिया। अस्पताल प्रबंधन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

---

# रेडक्रॉस स्थापना दिवस पर अस्पताल में सफाई अभियान की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारतीय रेडक्रास सोसायटी के स्थापना दिवस पर आज शासकीय जिला अस्पताल में स्वच्छता अभियान के साथ रेडक्रास सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया इस दौरान रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ दीपक मिश्रा ने बताया कि स्वच्छता के साथ जीवन में सुचिता का होना भी जरूरी है स्वस्थ रहने के लिए स्वस्छ रहना भी आवश्यक है हम सब अपने आस पास ही साफ सफाई रखे और लोगों को सफाई के लिए प्रेरित करेंगे तो स्वस्थ भी रहेंगे और अपने आप को सुखी भी रख सकते ।

### रेडक्रास बिना भेदभाव के विश्व भर में सेवाएं दे रही है

इसके पहले रेडक्रास सोसायटी के स्थापना दिवस पर जैन समाज के मंत्री विजय जैन धुर्रा ने कहा कि रेडक्रास एक ऐसी सेवा भावी संस्था है जो पूरे विश्व ने विना किसी भेदभाव के सेवा कार्य में लगीं हुई है आपात स्थिति में सेवा का सबसे पहले मौका रेडक्रास को ही मिलता है रेडक्रास के कार्यकर्ता हर स्थिति में समर्पित भाव से काम करने के लिए तैयार रहते हैं यही विशेषता इसको अन्य संस्थाओं से अलग बनाती है आज सेवा सप्ताह में स्वक्षता के लिए काम कर बहुत अच्छा लगा डॉ जय मंडल यादव ने कहा कि हम आज स्थापना दिवस से सेवा सप्ताह को प्रारंभ कर रहे हैं प्रति दिन कुछ नया करने के संकल्प के साथ डा हरवीर सिंह रधुवंशी ने कहा कि हम रेडक्रास से नये नये सेवा भावी साथियों को जोड़ेंगे।

### कल होगा स्वस्थ परिक्षण शिविर का आयोजन

इस दौरान विपिन सिंघई ने कहा कि कल वृद्धा आश्रम पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा जिला कलेक्टर आदित्य सिंह के मुख्य आतिथ्य में स्वास्थ परिक्षण शिविर का आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः नो बजे होगा इसके वाद फल वितरण व अन्य कार्यक्रम किये जायेंगे सफाई अभियान में संजय रघुवंशी, राजीव जाट रामकुमार चौधरी, हरवंश जूनेजा, विकास जैन बल्ली वेदराम लोधी अशोक शर्मा महेश शमार्, बालचंद नरवरिया, डॉ राजकुमार शर्मा, डॉक्टर आनंद मोहन दुबे ने अपनी सेवाएं दी।

---

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दियाधरी निवासी प्रीति लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीता लोधी,अंकेश लोधी और उजागर लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । इसी घटना में दूसर पक्ष की ओर से वीर सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अरविंद, सिग्राम, अनंत कमलेशबाई और स्वार्थीबाई लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मसीदपुर निवासी वंटी रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रानू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिघरा निवासी आशाष जाट ने रिपोर्ट

---

# छात्रों ने एसबीआई आरसेटी ट्रेनिंग सेंटर का किया भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमएसडब्यूई आ /बीएसडब्लहयू के छात्रों ने अतिरिक्त कक्षा के रूप में अध्ययन भ्रमण कर एसबीआई आरसेटी ट्रेनिंग सेंटर अशोकनगर भ्रमण किया। जिसमें राजाराम वर्मा निदेशक, समस्त स्टाफ जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक अनीता जाटव, विकासखंड समन्वयक मनोज यादव, परामर्शदाता रचना गुप्ता, मोहन कुशवाह, जगदीश केवट, बलवीर यादव, सहित सीएमसीएलडीपी छात्र उपस्थित रहे है। वर्मा ने एसबीआई आरसेटी सेंटर में संचालित होने वाले स्वरोजगार प्रशिक्षण कोर्स के बारे में बताया। उन्होंने सिलाई मशीन, डेयरी फॉर्मिंग, फूड प्रसंस्करण, कंप्यूटर कोर्स एवं डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय बताए। ये सभी कोर्स की ट्रेनिंग पूर्णतः निःशुल्क है। अनीता जाटव ने विभाग की सभी योजनाओं से अवगत कराया एवं जल गंगा संवर्धन अभियान द्वारा जनभागीदारी का अभियान हैं। मनोज यादव ने जल संरक्षित करने के उद्देश्य जल शपथ दिलाई एवं छात्रों ने स्वरोजगार कोर्स को प्रशिक्षण केंद्र में भ्रमण कर बारीकियों से समझा।

---

घर-घर जाकर बनाए जाएं आयुष्मान और संबल कार्ड

# नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने ली वार्ड प्रभारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने गुरुवार को नगर के 22 वार्डों के 44 वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने विशेष रूप से संबल योजना और आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रभारी अपने-अपने वार्डों में घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों की पहचान करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। मानोरिया ने कहा कि इन योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं लोगों को मिलना चाहिए जो वास्तव में इसके हकदार हैं। उन्होंने सभी प्रभारियों से फील्ड में जाकर सक्रियता से कार्य करने की अपील की और यह स्पष्ट किया कि उनके कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा सम्मान

अध्यक्ष मानोरिया ने यह भी घोषणा की कि जो वार्ड प्रभारी अपने क्षेत्र में सम्बल और आयुष्मान कार्ड मै उत्तम कार्य करेंगे, उन्हें नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रभारियों से ईमानदारी, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए कहा।

### अनावश्यक खुदाई पर जताई नाराज़गी

नगर में फेरूल चेकिंग के नाम पर की जा रही अनावश्यक खुदाई की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में गड्ढा खुदा हुआ मिले, तो उसकी तुरंत सूचना नगर पालिका को दी जाए। इससे समय पर कार्रवाई की जा सकेगी और नागरिकों को असुविधा से बचाया जा सकेगा।

---

# पलकटोरी में नदी गहरीकरण के लिए जल चौपाल आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन 30 जून 2025 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत आवरी माफी में ग्राम पलकटोरी में नदी गहरीकरण के लिए जल चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमे नदी का गहरीकरण जन भागीदारी से किया जाएगा। प्राचीन नदी पलकटोरी जो विलुप्त हो चुकी है उसी को पुनर्जीवित करने के लिए नदी का गहरीकरण जन सहयोग के माध्यम से 09 मई 2025 से किया जायेगा। इससे पहले हमारी भारतीय संस्कृति अनुसार कलश यात्रा एवं पूजन अर्चना के बाद गहरीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। इस चैपाल में उपस्थित मप्र जन अभियान परिषद जिला समन्वयक अनिता जाटव, विकासखंड समन्वयक मनोज यादव, विजय बैरागी, नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति से सुनील कुमार सेन, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पलकटोरी से शंभू सिंह, प्रहलाद सिंह कुशवाह, जयसिंह, हरवीर वैरागी, समिति, गुलाब सिंह कुशवाह, सिंह सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।